BACKGROUNDERS
Press Information Bureau
Government of India

# विकसित भारत बिल्डथॉन 2025


## विद्यालय स्तर के नवोन्मेषकों के लिए राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम

7 अक्टूबर, 2025

## महत्वपूर्ण तथ्य

- **भारत का सबसे बड़ा विद्यालय हैकथॉन** 1 करोड़ छात्रों **(कक्षा 6-12) को स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत**, **वोकल फॉर लोकल** और **समृद्ध भारत** के विषयों पर प्रोटोटाइप बनाने में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहा है।
- **13 अक्टूबर, 2025 को लाइव राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम:** लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से सभी विद्यालयों में राष्ट्रव्यापी सिंक्रनाइज़ लाइव बिल्डथॉन।
- **1000 करोड़ रुपए के पुरस्कार समूह के अंतर्गत 1 करोड़ रुपये की राशि** राष्ट्रीय स्तर के 10 विजेताओं, 100 राज्य स्तरीय विजेताओं और 1000 जिला स्तरीय विजेताओं के साथ प्रदान की जानी है।

## परिचय




विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 एक राष्ट्रव्यापी नवाचार आंदोलन है जिसका आयोजन विद्यालयीय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (डीओएसईएल), शिक्षा मंत्रालय द्वारा अटल नवाचार मिशन, नीति आयोग के सहयोग से किया जा रहा है।

अब तक के सबसे बड़े इस विद्यालय हैकाथॉन का उद्देश्य छात्रों को चार विषयों: आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत पर विचार करने या प्रोटोटाइप बनाने के लिए प्रोत्साहित करके स्कूल स्तर पर नवाचार की संस्कृति को मजबूत करना है। बिल्डथॉन का उद्देश्य हमारे

युवाओं के बीच नवाचार, रचनात्मकता और समस्या-समाधान को बढ़ावा देना है ताकि वे एक समृद्ध, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के प्रमुख परिचालक बन सकें।

बिल्डथॉन राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करेगा। यह आकांक्षी जिलों, जनजातीय और दूरदराज के क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के साथ भागीदारी समावेशी है।




## बिल्डथॉन 2025 टाइमलाइन


- **23 सितंबर, 2025:** माननीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा विकसित भारत बिल्डथॉन का शुभारंभ।
- **23 सितंबर - 11 अक्टूबर**: पोर्टल पर कार्यक्रम के लिए पंजीकरण
- **11 अक्टूबर - 12 अक्टूबर**: छात्रों को तैयार करने, विषयों का चयन करने और समाधान निकालने में सहायता करने के लिए टीम गठन, पंजीकरण, सलाह, विचार-मंथन सत्र, विचार शिविर और नवाचार मंडलियों का आयोजन सहित प्रारंभिक गतिविधियां
- **13 अक्टूबर**: लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से सभी विद्यालयों में राष्ट्रव्यापी सिंक्रनाइज़ लाइव बिल्डथॉन
- **13 अक्टूबर - 31 अक्टूबर**: पोर्टल पर विद्यालयों द्वारा प्रविष्टियां जमा करना



- **1 नवंबर - 31 दिसंबर**: विशेषज्ञों के एक पैनल द्वारा प्रविष्टियों का मूल्यांकन
- **जनवरी 2026**: शीर्ष टीमों की घोषणा और सम्मान

## प्रमुख विशेषताऐं

- **समर्पित पोर्टल**: पंजीकरण और अंतिम प्रविष्टियों (विचार या प्रोटोटाइप) को प्रस्तुत करने के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल है।
- **भागीदारी का तरीका**: 3 से 5 छात्रों की एक टीम बिल्डथॉन में भाग लेगी और वीडियो के रूप में प्रविष्टियां (विचार/प्रोटोटाइप) प्रस्तुत करेगी। एक विद्यालय से टीमों की संख्या की कोई सीमा नहीं होगी।
- **मेंटरशिप सहायता**: विद्यार्थियों को स्कूल स्तर पर अपनी परियोजनाएं बनाने में सहायता करने के लिए इनक्यूबेशन सेंटर, मेंटर ऑफ चेंज नेटवर्क, उच्च शिक्षा संस्थानों और कॉर्पोरेट्स के स्वयंसेवकों और मेंटरों द्वारा समर्पित सहायता प्रदान की जाएगी।




- **राष्ट्रीय लाइव इवेंट**: राष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअल लाइव स्ट्रीमिंग सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी विद्यालय (6 वीं से 12 वीं कक्षा) शामिल होंगे।
- **ग्लोबल स्ट्रीमिंग**: इस कार्यक्रम को राष्ट्रव्यापी समाचार और मीडिया चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा।
- **समावेशी चर्चा:** आकांक्षी विकास खण्डों, जनजातीय क्षेत्रों, सीमांत गांवों और दूरदराज के क्षेत्रों के विद्यालयों को विशेष चर्चा के दायरे में रखा जाएगा।
- **जिला और राज्य स्तरीय कार्यक्रम**: विद्यालय नवाचार गतिविधियों का संचालन करेंगे। राज्यों को कई विद्यालयों और गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित करते हुए सामुदायिक स्तर के नवाचार कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
- **प्रविष्टियां जमा करना**: घटना के बाद, विद्यालय अपनी नवाचार प्रविष्टियों (विचार या प्रोटोटाइप) के वीडियो प्रस्तुत करेंगे।

## कैसे भाग लें

- **पात्रता**: भागीदारी पूरे भारत में कक्षा 6 से 12 के सभी विद्यालयीय छात्रों के लिए खुली है। छात्रों को एक ही विद्यालय से 3 से 5 सदस्यों की एक टीम बनानी होगी। छात्र अपने शिक्षकों की मदद से पंजीकरण करा सकते हैं। प्रति विद्यालय टीमों की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है।
- **टीम का पंजीकरण**: विद्यालयों/शिक्षकों को छात्रों को टीम बनाने के लिए प्रोत्साहित करना होगा और फिर आधिकारिक बिल्डथॉन पोर्टल पर अपनी टीमों को पंजीकृत करना होगा, जिसके बाद प्रत्येक टीम के लिए एक अद्वितीय पंजीकरण आईडी तैयार की जाएगी। विकसित भारत बिल्डथॉन के लिए स्कूलों के लिए पंजीकरण लिंक- **vbb.mic.gov.in** है।




- **विषय का चयन**: प्रत्येक टीम को चार बिल्डथॉन विषयों में से एक को चुनना होगा और किसी भी समस्या कथन की पहचान करनी होगी।
- **विचार-मंथन और निर्माण**: टीम सामुदायिक समस्याओं को हल करने के लिए विचार करेगी।
- **सबमिशन के लिए तैयार करें**: टीमों को 2 से 5 मिनट का एक वीडियो बनाने की आवश्यकता होगी जिसमें यह बताया जाएगा कि यह किस समस्या का समाधान कर रही हैं और उनके द्वारा बनाया गया अभिनव समाधान/प्रोटोटाइप, कैसे काम करता है और इसके संभावित प्रभाव क्या हैं।
- **सबमिशन:** प्रोजेक्ट वीडियो/सारांश **13 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2025** तक सबमिशन विंडो के भीतर पोर्टल पर जमा करना होगा।

## पुरस्कार

विशेषज्ञों का एक पैनल प्रविष्टियों का मूल्यांकन करेगा, और शीर्ष छात्र टीमों को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इन विद्यालयों और छात्रों को अपने नवाचारों को और मजबूत करने के लिए कॉर्पोरेट से सहायता, मेंटरशिप और संसाधनों के माध्यम से दीर्घकालिक समर्थन प्राप्त होगा।

1000 करोड़ रुपए का पुरस्कार कोष होगा। 1 करोड़ रुपये की राशि राष्ट्रीय स्तर के 10 विजेताओं, 100 राज्य स्तरीय विजेताओं और 1000 जिला स्तरीय विजेताओं के साथ प्रदान की जाएगी।

- किसी भी प्रश्न के लिए संपर्क करें: vbb.mic@aicte-india.org
- पंजीकरण लिंक: vbb.mic.gov.in

**पीके/केसी/एसएस/एसके**